# कलकत्ता चेंबर का मार्केट ग्रोथ पर विशेष सत्र का आयोजन

**कोलकाता**. कलकत्ता चेंबर ऑफ कॉमर्स ने गुरुवार को एक विशेष सत्र का आयोजन किया, जिसमें एमएसएमइ व एसएमइ के लिए आइपीओ के अवसरों पर चर्चा की गयी. इस सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में बीएसई लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सीइओ सुंदररमन राममूर्ति ने विचार साझा किये. कार्यक्रम की शुरुआत चेंबर के अध्यक्ष हरिशंकर हलवासिया के स्वागत भाषण से हुई. इस अवसर पर चेंबर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनंत सहारिया, उपाध्यक्ष अनुराग झुनझुनवाला सहित अन्य मौजूद रहे. अपने संबोधन में श्री हलवासिया ने कहा कि एमएसएमइ व एसएमइ भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं. ये जीडीपी में लगभग 30% का योगदान देते हैं. सुंदररमन राममूर्ति ने कहा, ₹भारत की अर्थव्यवस्था में छोटे और मध्यम उद्यम एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.